## ढोल-नगाड़ों से गूंज उठा प्रोजेक्ट भवन, सीएम भी झूमे...



### राज्य मंत्रिमंडल से पुरानी पेंशन योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया से संबंधित दिशा दिशा निर्देशों से जुड़े प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने पर झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एम्प्लाइज फेड्रेशन ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया और जताया आभार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकारी कर्मियों को बेहतर माहौल, बेहतर सुविधाएं और मान-सम्मान देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। श्री सोरेन मंगलवार को झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एम्प्लाइज फेडरेशन के स्वागत समारोह में बोल रहे थे। दरअसल, मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन का माहौल बिल्कुल बदला-बदला था। एक तरफ ढोल- नगाड़े बज रहे थे, तो दूसरी तरफ अबीर- गुलाल उड़ रहे थे। सरकारी कर्मियों का उमंग उत्साह और खुशी चरम पर था। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में पुरानी पेंशन योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया से संबंधित दिशा- निदेर्शों से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी जो मिली थी। इसी के बाद ऑफिसर्स टीचर्स एम्प्लाइज फेडरेशन ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया और आभार जताया।

## यातायात नियम तोड़ा, तो घर पहुंचेगा ई-चालान

### हर चौक चौराहों पर स्मार्ट उपकरणों से हो रही ऑनलाइन मॉनीटरिंग

# राजधानी रांची में 5 हजार लोग बिना हेलमेट के करते हैं सफर

### अपराध की रोकथाम के लिए चौक-चौराहों पर चलाया गया चेकिंग अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में यातायात नियमों की अनदेखी कतई न करें नहीं तो आपकी समस्या बढ़ सकती है और एक छोटी सी भूल भारी पड़ सकती है। दरअसल शहर में अब ई-चालान की व्यवस्था शुरू हो गयी है और इसके लिए रांची स्मार्ट सिटी की ओर से राजधानी रांची के चप्पे-चप्पे पर विभिन्न प्रकार के अत्याधुनिक उपकरणों से निगरानी की जा रही है और यातायात नियम का पालन नहीं करनेवालों को स्वतः इस सिस्टम के तहत चिन्हित कर ई-चालान भेजा जा रहा है।



### 50 हजार से ज्यादा लोगों को किया गया है चिह्नित

अबतक एक महीने में केवल हेलमेट नहीं पहनने वालों के रूप में 50 हजार से ज्यादा लोगों को चिन्हित करके उनके द्वारा किए गए नियम उल्लंघन, किस जगह पर नियम तोड़ा और गाड़ी सहित सभी ब्यौरा ट्रैफिक पुलिस को भेजा जा चुका है। रांची यातायात पुलिस ने इस डाटा के आधार पर ई-चालान भेजना शुरू कर दी है। वहीं शहर में निर्धारित गति सीमा से ज्यादा स्पीड में चलनेवाले वाहनों पर भी चालान कटना शुरू हो गया है। महज पांच दिनों में 1500 से ज्यादा वैसे लोगों को चिन्हित कर लिया गया है जो निर्धारित गति सीमा का उलंघन कर रहे हैं। इससे भी ज्यादा सावधान रहनेवाली बात ये है कि अब रॉन्ग-वे में चलनेवाले वाहनों का भी ई-चालान कटना शुरू हो गया है।

### 1000 से अधिक उपकरणों से हो रही है राजधानी रांची की मॉनीटरिंग

शहर के 70 जंक्शन से यातायात नियम तोड़नेवालों पर नजर रखी जा रही है और इसके रांची स्मार्ट सिटी और रांची पुलिस की ओर से कुल 1000 से ज्यादा उपकरणों की मदद ली जा रही है। इन उपकरणों में आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रांजिट मैनेजमेंट सिस्टम) के तहत आरएलवीडी कैमरे, एएनपीआर कैमरे और एसवीडी कैमरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन की रांची वासियों से अपील है कि आप ट्रैफिक नियमों का पालन करें और खुद को सुरक्षित रखें। यातायात नियमों के पालन के लिए वैरिएबल मैसेज साईन बोर्ड के माध्यम से मैसेज भी दिया जा रहा है। रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ अमित कुमार और रांची एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर कमांड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर के साथ डेडीकेटेड मैन पावर रखकर ई-चालान निर्गत करने का काम किया जा रहा है।

परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर रांची स्मार्ट सिटी के कमांड सेंटर से ये चालान निर्गत किए जा रहे हैं। इधर अपराध पर लगाम लगाने के लिए मंगलवार की सुबह से विभिन्न चौक-चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया गया।

## खबर एक नजर में

### सीओ के खिलाफ हाइकोर्ट में फैसला सुरक्षित

**संजीवनी बिल्डकॉन फर्जीवाड़ा मामला**

**रांची।** संजीवनी बिल्डकॉन फर्जीवाड़ा मामले में आरोपी रांची के दो सर्किल ऑफिसर (सीओ) कृष्ण कुमार एवं ओम प्रकाश यादव की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। दरअसल, इन दोनों सर्किल ऑफिसर पर आरोप था कि इन्होंने अपने सीओ पद का दुरुपयोग करते हुए रकबा से ज्यादा जमीन का म्यूटेशन किया। साथ ही संजीवनी बिल्डकॉन को फायदा पहुंचाया। सीबीआइ ने इनके खिलाफ एक ही मामले में तीन-तीन एफआईआर दर्ज किये थे। इन दोनों सीओ की ओर से हाइकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन दायर कर अपने खिलाफ दर्ज केस को निरस्त करने का आग्रह हाइकोर्ट से किया गया था।

### ग्रामीण एसपी नौशाद आलम को बधाई

**रांची।** झारखण्ड ओबीसी आरक्षण मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने ग्रामीण एसपी नौशाद आलम को डीआईजी में प्रमोशन होने पर उनके कार्यालय में गुलदस्ता भेंट कर मंगलवार को बधाई दी। श्री यादव ने कहा कि नौशाद आलम अत्यंत कर्मशील एवं मेहनती आईपीएस अधिकारी हैं, इन्होंने रांची ग्रामीण एसपी के पद पर रहते हुए लोगों का विश्वास जीतकर ग्रामीण क्षेत्रों में अनेकों काम किए हैं।

### एक करोड़ रुपये के लूटकांड में अनमोल सिंघानिया समेत छह को सात-सात वर्ष कैद

**रांची।** अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने मंगलवार को एक करोड़ रुपये लूटकांड मामले के दोषी करार अनमोल सिंघानिया समेत छह अभियुक्तों को सात-सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, सभी दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं भुगतान करने पर सभी को अतिरिक्त एक साल जेल काटनी होगी। मालूम हो कि अदालत ने 20 जुलाई को दोषी ठहराया था। जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के ओबरिया रोड से 12 अप्रैल 2021 को हुये एक करोड़ रुपये लूटकांड मामले में अदालत ने डकैती एवं डकैती के बरामद पैसे के आरोप में अनमोल सिंघानिया के साथ वसीम अहमद, नजमी हसन, मनोज कुमार भगत, जसीम अहमद एवं जुल्फेकार उर्फ राजा खान को सात साल की सजा सुनाई है।

### गैंगरेप के आरोपियों को फांसी हो : आरती

**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा है कि पाकुड़ में गैंगरेप के आरोपियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मणिपुर की घटना पर पूरा देश में चिल्ला चिल्ला कर घड़ियाली आंसू बहाने वाले यूपीए गठबंधन के लोग पाकुड़ की घटना पर मौन हैं। उन्होंने कहा कि इतना हल्ला और विरोध होने के बाबजूद पाकुड़ में एक आदिवासी बहन के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। झारखंड में लगातार दुष्कर्म की घटना बढ़ी है। दुष्कर्म, हत्या आम बात हो गई है। सभी सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक या अन्य गैर सरकारी संस्था सभी महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसक घटना के विरूद्ध खड़े हों।

### रांची में गैस पाइप फटा, अफरातफरी

**रांची।** राजधानी के सिंहमोड़ के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के मुताबिक, बिजली का केबल बिछाए जाने के दौरान गैस पाइप फट गया। सूचना गेल कंपनी के अधिकारियों की दी गई। इसके बाद फौरन एक टीम पहुंची और लिकेज को बंद कर दिया। थाना प्रभारी के मुताबिक महज 10 मिनट के भीतर ही स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया। इस दौरान गैस लिकेज होने से सिंहमोड़ के आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई।

## रिम्स का निरीक्षण कर रहे अधिकारियों ने तीन दलालों को पकड़ा, फिर छोड़ा

### रिम्स निदेशक ने किया इमरजेंसी विभाग का निरीक्षण

**खबर मन्त्र मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स में दलालों का एक गिरोह काफी दिनों से सक्रिय है। अस्पताल के प्रवेश द्वार से लेकर विभागों तक में इनका कब्जा है। गांव से आने वाले मरीजों को फंसा कर पैसा ऐंठना इन दलालों का मुख्य धंधा है। कई बार इन्हें पकड़ा तो जरुर जाता है, लेकिन लिखित शिकायत नहीं मिलने के कारण इन्हें छोड़ दिया जाता है। मंगलवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ। रिम्स के निदेशक डॉ आरके गुप्ता अस्पताल का निरीक्षण करने निकले तो पुराने इमरजेंसी स्थित दवा दुकान के पास तीन दलालों को पकड़ा गया। यह मरीजों को अपने चंगुल में फंसा कर चिनिह्त दवा दुकान से दवा दिलाने का काम करते हैं। इस एवज में दवा दुकान से इन्हें कमीशन मिलता है। एक बार फिर से इस गिरोह का भंडाफोड़ हुआ। तीन दलालों को पकड़ने के बाद पूछताछ में एक दलाल ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद उसे रिम्स के सुरक्षाकर्मियों द्वारा स्थानीय बरियातू थाना को सौंप दिया गया। हालांकि लिखित शिकायत नहीं मिलने के कारण या यूं कहें कि लेनदेन के बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया।

वहीं रिम्स निदेशक ने अस्पताल के इमरजेंसी विभाग का जायजा लिया। उन्होंने सुविधाओं को और सुदृढ़ करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक सीमा सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेन्द्र बिरुआ मौजूद थे।

## रिम्स में अतिरिक्त एंटी स्नेक वेनम की होगी खरीदारी





**रांची।** झारखंड में सर्पदंश से किसी की मौत न हो, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश सीएम हेमंत सोरेन ने दिया था। उन्होंने पीएचसी, सीएचसी, अनुमंडल अस्पताल, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में एंटी स्नेक वेनम दवा का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में रखने का निर्देश दिया है। इसी के मद्देनजर रिम्स में 3000 वायल अतिरिक्त एंटी स्नेक वेनम खरीदने को लेकर निदेशक डॉ आरके गुप्ता ने आदेश जारी किया है। बताते चलें कि फिलहाल रिम्स में सर्पदंश के लिए एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

## गोली लगने से जीतेंद्र के ब्रेन का टेंपोरल लोब हो गया था डैमेज

### रिम्स के डॉ सीबी सहाय के नेतृत्व में डॉक्टरों ने जटिल सर्जरी कर बचायी जान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लापुंग निवासी जितेंद्र उरांव को सोमवार की शाम किसी व्यक्ति ने सिर में गोली मार दी। वह अपने बच्चे के साथ अपनी दुकान के बाहर बैठे हुए थे। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए और बुलेट ब्रेन में जाकर फंस गया। आनन-फानन में परिजन जितेंद्र को रिम्स लेकर आये, जहां रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉ सीबी सहाय की यूनिट में उसे भर्ती किया गया। बुलेट लगने की वजह से ब्रेन के बाएं हिस्से का टेंपोरल डैमेज हो चुका था। साथ ही ब्रेन के पिछले हिस्से की हड्डियां भी टूटी थी और ब्रेन भी डैमेज हुआ था। स्थिति की



गंभीरता को देखते हुए डॉ सीबी सहाय के नेतृत्व में मंगलवार को मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। डॉ सहाय ने बताया कि मरीज अभी खतरे से बाहर है।

**ऑपरेशन टीम में इनकी थी भूमिका** : इस ऑपरेशन में डॉ रोहित भारती, डॉ सौरभ बेसरा, डॉ दीपक, डॉ विकास कुमार, डॉ मंजर अली और एनेस्थीसिया विभाग से डॉ तुषार शामिल थे। साथ ही रिम्स के न्यूरो ओटी असिस्टेंट सुनील, प्रभात, आनंद और सिस्टर नीलम ने भी अपना सहयोग दिया।

## बालू घाटों के टेंडर को लेकर बैठक

**रांची।** उपायुक्त राहुल सिन्हा ने मंगलवार को समाहरणालय में झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लि. द्वारा रांची जिला क्षेत्र में स्थित बालूघाटों के संचालन के लिए एमडीओ की नियुक्ति तथा जिला स्तर पर वित्तीय निविदा की प्रक्रिया निष्पादित किये जाने को लेकर बैठक की। बैठक में समिति ने जिले के कुल 32 बालू घाटों के लिए घाट वार एमडीओ का चयन और टेंडर निष्पादित करने का निर्णय लिया। बता दें कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद 15 आक्टूबर के बाद बालू निकासी चालू हो जायेगी। एनजीटी के नियमों के अनुसार 30 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू की निकासी पर रोक रहती है। बैठक में अपर समाहर्त्ता रांची राजेश बरवार, जिला खनन पदाधिकारी संजीव कुमार एवं कार्यपालक अभियंता प्रभात कुमार, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग रांची मंसूरी और अन्य मौजूद थे।

## सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय मंत्री का जवाब

# देशभर के वृद्ध आश्रमों में रह रहे हैं 18080 वरिष्ठ नागरिक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री प्रतिमा भौमिक ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के आश्रय, पोषण, चिकित्सा देखभाल और मनोरंजक कार्यकलाप जैसी सुविधाओं के साथ भारत में 601 वृद्ध आश्रमों का निःशुल्क संचालन किया जा रहा है। इसका संचालन विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा किया जाता है। इन आश्रमों में 18,080 वरिष्ठ नागरिक रह रहे हैं। दरअसल, सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान सवाल पूछा था कि देश के वृद्ध आश्रमों में कितने वृद्ध रह रहे हैं?

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश के सभी राज्यों में 601 वृद्धाश्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसमें झारखंड में 4 वृद्धाश्रम संचालित हैं। देवघर, पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां में इन वृद्ध आश्रमों का संचालन निः शुल्क रूप से किया जा रहा है। झारखंड के 4 वृद्ध आश्रमों में 200 वरिष्ठ नागरिक रह रहे हैं। जबकि उड़ीसा जैसे छोटे से राज्य में 79 वृद्ध आश्रम हैं। जहां 2100 वरिष्ठ नागरिक रहते हैं। इसके अलावा आंध्र प्रदेश में 1850, तमिलनाडु में 1820 और महाराष्ट्र में 1525 वरिष्ठ नागरिक वृद्ध आश्रमों में रह रहे हैं।

### झारखंड के चार वृद्ध आश्रमों में रहते हैं 200 बुजुर्ग

केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में सांसद को बताया कि झारखंड में विगत 2 वर्षों में लगभग 92 लाख रुपए वृद्ध आश्रमों के संचालन के लिए जारी किये गये हैं। वृद्ध आश्रम का संचालन अनुदान के रूप में दिये गये पैसे से किया जाता है। यह राशि सरकार के द्वारा एनजीओ को उपलब्ध कराई जाती है। सांसद के सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मंत्रालय के द्वारा अटल बायो अभ्युदय योजना के तहत एकीकृत वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इसी के तहत वरिष्ठ नागरिकों को एनजीओ या स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से वृद्ध आश्रम में रहने की सुविधा प्रदान की जाती है।

## क्रूड इस्पात का उत्पादन बढ़कर 127.20 एमटी पहुंचा : कुलस्ते

**रांची।** केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने बताया कि इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। इसलिये, इस्पात उत्पादन, घरेलू खपत और निर्यात के लक्ष्य सरकार द्वारा निर्धारित नहीं किये जाते हैं। इस्पात उत्पादन, घरेलू खपत और निर्यात से संबंधित निर्णय अलग-अलग इस्पात उत्पादकों द्वारा बाजार की मांग और अन्य वाणिज्यिक सोच-विचारों के आधार पर लिये जाते हैं। दरअसल, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने सदन में इस्पात उत्पादन की अद्यतन जानकारी मांगी थी। उन्होंने कहा था कि विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान 2020-21 में क्रूड इस्पात का उत्पादन 103.54 मिलियन टन था। 2021-22 में 120.29 मिलियन टन और 2022-23 में 127.20 मिलियन टन तथा अप्रैल- जून 2023-24 में 33.63 मिलियन टन रहा।

## चार्जशीटेड अपराधी को थानेदार बनाने की क्या है विवशता : बाबूलाल मरांडी

### जेल से छूटी अपराधी मीरा सिंह को थानेदार बनाने पर सरकार पर साधा निशाना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि जब माझी ही नाव को डूबाने लगे तो फिर कौन बचायेगा। राज्य में आज रक्षक ही भक्षक बन गये हैं। उन्होंने रांची के एसएसपी सड़क पर घूम रहे हैं और अपराधी थाना संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों से घूस लेते रंगे हाथ पकड़े गये चार्जशीटेड और जमानत पर जेल से छूटी अपराधी मीरा सिंह को थानेदार बनाने की आखिर एसएसपी को कौन सी मजबूरी है। पत्रकार पर 14 सनहा के बाद एफआइआर करनेवाली तुपुदाना



की घूसखोर थानेदार मीरा सिंह की करतूत फिर सामने आयी है। जेल भेजे गये प्रदीप साहू ने पत्र लिख कर बताया है कि कैसे उनके पत्रकार भाई संजय साहू को फंसाया गया है।

एसएसपी को पत्रकार ने पहले ही बताया था कि चार्ज शीटेड अपराधी और जमानत पर रिहा मीरा सिंह उन्हें फर्जी केस में फंसाने का प्रयास करेगी और वही हुआ। आखिर सिस्टम में बैठे अपराधियों को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी देने की कौन सी मजबूरी है।

## पति-पत्नी दोनों हैं आइएएस अधिकारी, पति बने खूंटी के उपायुक्त, तो मेघा को मिली कोडरमा जिले की कमान

# रांची की बेटी और दामाद को एक साथ मिली जिले की कमान

**कुबेर सिंह**

**रांची।** यूपीएससी परीक्षा में अच्छी रैंक हासिल करना कभी भी आसान काम नहीं है। मेघा भारद्वाज का जन्म 19 दिसंबर 1986 को हुआ था और वर्तमान में उनकी उम्र 36 वर्ष है। वह झारखंड के रांची की रहने वाली हैं। मेघा ने अपनी स्नातक की पढ़ाई सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची से पूरी की और अपने कॉलेज में स्वर्ण पदक विजेता भी रहीं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से जंतुशास्त्र में मास्टर डिग्री हासिल की। उनका वैकल्पिक विषय जंतुशास्त्र था। मेघा भारद्वाज की वर्तमान पोस्टिंग झारखंड में है। उनकी शादी लोकेश




मिश्रा से हुई जो कि एक आईएएस अधिकारी हैं। 2015 की परीक्षा में मेघा भारद्वाज की रैंक 32वां था लेकिन यह उनका पहला प्रयास नहीं था। उन्होंने 2014 में भी परीक्षा दी, जहां उन्हें 546वीं रैंक मिला। वह दोनों बार परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफल रहीं और बेहतर अंक प्राप्त करना चाहती थीं, इसलिए उन्होंने दोबारा परीक्षा दी। मेघा भारद्वाज ने परीक्षा में उच्च रैंक हासिल किया था।

मेघा के अनुसार अपनी रणनीति पर विश्वास करना और यह सुनिश्चित करना बहुत महत्वपूर्ण है कि इसे अच्छी तरह से लागू किया जाए। मेघा यूपीएससी की मुख्य परीक्षा में वर्ष 2014 में 693, 2015 में 765, इंटरव्यू में 206, 193 अंक लायी थी। मेघा ने मुख्य परीक्षा के दौर में उच्च वृद्धि से अंक हासिल किया लेकिन साक्षात्कार के दौर में भी नीचे चली गई थी, ऐसा होने के पीछे मेघा का कहना है कि क्योंकि उसे एक अलग बोर्ड मिला था या वह अपना ए-गेम नहीं लायी थी लेकिन फिर भी, उसकी मार्कशीट निश्चित रूप से बहुत प्रभावशाली पाया गया। इस वजह से उसे आइएएस का ए ग्रेड मिला।

### लोकेश मिश्रा ने अपने भाई और दो बहनों को भी बनाया आइएएस

रांची। लोकेश मिश्रा एक ऐसे इकलौते आइएएस हैं, जो न सिर्फ खुद आइएएस बने, बल्कि अपने भाई और बहन को भी आइएएस बनाया। मिश्रा परिवार की जिसमें दो भाई और दो बहनों ने तीन साल के अंदर सिविल सर्विस एग्जाम क्लियर करके इतिहास रचने का रिकॉर्ड है। प्रतापगढ़ में रहने वाले अनिल मिश्रा बतौर मैनेजर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में काम करते थे। वे अपनी पत्नी कृष्णा मिश्रा और चार बच्चों योगेश, लोकेश, क्षमा और माधवी के साथ दो कमरों के घर में रहे। अनिल मिश्रा की एक ही तमन्ना थी कि उनके चारों बच्चे बड़े होकर उनका नाम रोशन करें। चारों बच्चे पढ़ाई में भी अच्छे थे। ऐसे में उन्होंने प्रतिष्ठित सिविल सेवा में जाने का फैसला लिया। चारों भाई-बहनों में से सबसे पहले योगेश ने 2013 में सिविल सर्विस एग्जाम क्लियर किया। इसके पीछे एक बहुत बड़ी घटना थी। लोकेश ने सीएसई 2014 में रिजर्व लिस्ट में अपना नाम भी पाया हालांकि, उसे खुद पर भरोसा था और उसने इसे एक और शॉट देने का फैसला किया। चार भाई बहन में लोकेश दूसरे नंबर पर है। बड़ा भाई योगेश मिश्रा, जो आइएएस हैं। कोलकाता में राष्ट्रीय तोप एवं गोला निर्माण में प्रशासनिक अधिकारी रहे हैं।

## झापा का महाधिवेशन 19 को, गांव-गांव तक संदेश फैलाने का आह्वान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पार्टी के केन्द्रीय महाधिवेशन के बाद जिलावार अधिवेशन कर संगठन की गतिविधि को तेज करने की कवायद शुरू हो गयी है। इसी के मद्देनजर पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय हरमू में मंगलवार को राँची जिला ईकाई की विशेष बैठक पार्टी के प्रधान महासचिव अशोक भगत की अध्यक्षता में हुई। अशोक भगत ने कहा कि झारखंड पार्टी पूरी सक्रियता के साथ प्रखंड, पंचायत और गांव घर तक लोगों के बीच पहुंच रही है। डॉ अशोक भगत ने जिला, प्रखंड और गांव तक नेताओं व कार्यकर्ताओं को रांची जिला महाधिवेशन की तैयारी में पूरी ताकत के साथ जुट जाने और पार्टी के नीति सिद्धांत को गांव-गांव तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

अशोक भगत ने कहा कि 19 अगस्त को राजधानी में पार्टी का महाधिवेशन होगा। अधिवेशन में सभी प्रखंड से कार्यकर्ताओं का जुटान होगा। केन्द्रीय सचिव अंशु लकडा एक्का ने जिला की सभी ईकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि झापा के पुराने अस्तित्व को लेकर राजधानी के सभी निकाय क्षेत्र तथा विधानसभा क्षेत्र तक जोर शोर से फैलाने की आवश्यकता है।

### मुहर्रम को लेकर केंद्रीय शांति समिति की हुई बैठक

# जुलूस में नशा करने वाले शामिल न हों, इसका ध्यान रखें : एसएसपी

त्योहार का असल मकसद समाज को एक मंच पर लाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मुहर्रम को लेकर मंगलवार को डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में केन्द्रीय शांति समिति की बैठक हुई। समाहरणालय ब्लॉक बी स्थित कमरा संख्या-505 में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, सदर एसडीओ दीपक दुबे, सिटी एसपी एस जैन, अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वरनाथ आलोक, यातायात एसपी एचबी जमां, संबंधित पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटि, विभिन्न अखाड़ा एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में सबसे पहले सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटि, विभिन्न अखाड़ा एवं शांति समिति के प्रतिनिधियों ने बारी-बारी से मोहर्रम के मद्देनजर बेहतर व्यवस्था को लेकर अपनी-अपनी बातें रखी। साफ-सफाई, सुरक्षा, जुलूस निकाले जाने के समय, रुट, लाइटिंग, एंबुलेंस, अखाड़ों के लाइसेंस निर्गत करने आदि पर अपने-अपने सुझाव देते हुए प्रतिनिधियों ने सांप्रदायिक सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की बात कही। मोहम्मद इस्लाम, अकीलुर्रहमान, साहब अली, मोहम्मद मुख्तार भोलू, मुश्ताक आलम, अजीत सहाय, जयसिंह यादव, सागर कुमार समेत कई लोगों ने बैठक में अपनी-अपनी बातें रखी।

**बेहतर से बेहतर व्यवस्था देने का होगा प्रयास : उपायुक्त**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि साफ-सफाई, सुरक्षा, जुलूस निकाले जाने के समय, रुट, लाइटिंग, एंबुलेंस, अखाड़ों के लाइसेंस निर्गत करने आदि पर सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटि एवं विभिन्न अखाड़ा समितियों द्वारा जो सुझाव दिये गये हैं, उस पर ध्यान देते हुए प्रशासन की ओर से बेहतर से बेहतर व्यवस्था प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा।

**छोटी बात को बड़ा न बनने दें : एसएसपी**

बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कहा कि छोटी बात को बड़ा न बनने दें। अगर मामला नहीं सुलझता है तो थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी और फिर बड़े अधिकारियों को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातें ही बड़ी बन जाती हैं, प्रयास करें कि मामले को तुरंत सुलझा लिया जाये। एसएसपी ने कहा कि पर्व के दौरान ड्रोन से निगरानी रखी जायेगी।

**जुलूस में नशा करने वाले शामिल न हों, इसका ध्यान रखें: एसएसपी**

एसएसपी ने कहा कि विभिन्न अखाड़े इस बात का खास ख्याल रखें कि जुलूस में नशा करनेवाले लोग शामिल न हो। अगर ऐसा कोई व्यक्ति चिन्हित होता है तो उसे समझदारी दिखाते हुए जुलूस से अलग करें।

## कोलकाता में 9 अगस्त से होगा आइसा का राष्ट्रीय सम्मेलन : नीलाशीष बोस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** आइसा के राष्ट्रीय ज्वाइंट सेक्रेटरी नीलाशिष बोस ने कहा कि ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) का राष्ट्रीय सम्मेलन 9 से 11 अगस्त तक कोलकाता में होगा। इसमें कई देशों से छात्र प्रतिनिधि के साथ प्रोफेसर, सामाजिक कार्यकर्ता और अलग-अलग विश्वविद्यालय से हजारों प्रतिनिधि शामिल होंगे। नीलाशीष बोस मंगलवार को रांची में मीडिया से बात कर रहे थे।

नीलाशिष बोस ने कहा कि देश में शिक्षा की हालत बदतर होते जा रही है। नई शिक्षा नीति आने के बाद से विश्वविद्यालयों में लगातार फीस बढ़ाई जा रही है। इससे झारखंड भी अछूता नहीं है। झारखंड के विश्वविद्यालयों में लगभग 40 प्रतिशत प्रोफेसरों के पद खाली हैं। राज्य के 95 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में प्रधानाध्यापक नहीं हैं। यहां पिछले 4 साल से साइकिल योजना बंद है।

**गरीबों को उच्च शिक्षा से दूर करने की कोशिश**

दूसरी तरफ झारखंड में सीयूईटी लागू करने पर जोर दिया जा रहा है, जिससे छात्रों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। ऊपर से चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम लाकर गरीबों को उच्च शिक्षा से दूर करने की कोशिश की जा रही है। झारखंड के कई हिस्सों में ऑल चिकी लिपी में यूकेजी से पीजी तक की पढ़ाई की मांग हो रही है, जो जायज है। छात्र आंदोलन को कुचलने के लिए छात्र संघ का चुनाव सरकार नहीं करा रहा है।

**मणिपुर का सीएम इस्तीफा दें**

मणिपुर हिंसा पर उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ जघन्य अपराध के लिए वहां के मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए. मणिपुर में महिलाओं के साथ जो हुआ, उससे पूरा देश को शर्मसार होना पड़ा है। मणिपुर पिछले 80 दिन से जल रहा है। प्रेस कांफ्रेंस में आइसा के राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ, आइसा के पूर्व राज्य अध्यक्ष सोहेल एवं राज्य कार्यकारणी सदस्य सोनाली केवट, छूटूराम महतो मौजूद थे।

## फॉरेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन ने मनाया वन महोत्सव



**रांची।** फॉरेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (फोवा) रांची ने मंगलवार को वन महोत्सव का आयोजन किया। एसोसिएशन द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा के प्रांगण में छात्र-छात्राओं के साथ पौधरोपण कर वन महोत्सव मनाया गया। प्रांगण में एसोसिएशन की तरफ से सीता अशोक, आंवला, चंपा, बेल, बरगद आदि के पौधे लगाए गए। इसमें एसोसिएशन के पदधारकों एवं सदस्यों ने भाग लिया। स्कूल परिसर में फोवा के पदधारियों एवं सदस्यों गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

बता दें कि फोवा के द्वारा कई सामाजिक कार्य किये जाते हैं। ठंड के दिनों गरीबों के बीच कंबल वितरण, ठंड से बचाव के लिए शहर के सभी चौक-चौराहों में अलाव की व्यवस्था सहित सहित कई कार्य कराये जाते हैं।

एसोसिएशन के अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रूचि उपाध्याय, सचिव पुनम रंजन, संयुक्त सचिव सुनंदिता दास और कोषाध्यक्ष रमया मीना पांडियन के अलावा फोवा के सदस्य उषा सिन्हा, सबिता मिश्रा, लीना रस्तोगी, अंजु सिंह, प्रमिला सिंह, रंजना सामंता, सुधा चौधरी, मधु पांडेय, लीना गुप्ता, माधवी चटर्जी, कलावती पांडेय, उर्मिला गुप्ता और विशाखा वर्मा उपस्थित थीं।

# तीन ऑटो ड्राइवरों की गिरफ्तारी से खुला राज, कमीशन के नाम पर निकलवाते थे पैसा

साइबर अपराधियों का नया फंडा, तीन गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची पुलिस ने मेसरा ओपी स्थित विभिन्न मकानों में रेड कर साइबर ठगों के तीन कमीशन एजेंटों को गिरफ्तार किया है। आरोपित तीनों साइबर ठगों से कमीशन लेकर विभिन्न एटीएम से उनके रुपये निकाला करते थे। पुलिस ने इस मामले में दो सगे भाई सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के नालंदा का लालगंज निवासी कमलेश कुमार जुमार पुल के पास किराए के मकान में रहता था। वहीं पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र स्थित सराय निवासी धर्मेंद्र सिंह गौतम मेसरा ओपी स्थित ग्रीन सिटी में किरायेदार के रूप में रहता था। इसके अलावा जितेन्द्र सिंह का नाम शामिल है। कमलेश कुमार के पास से विभिन्न बैंकों 11 एटीएम, धर्मेंद्र कुमार के पास से विभिन्न बैंकों के 6 एटीएम, एक टेब एवं 95000 रूपया, जितेंद्र के पास से विभिन्न बैंको का 4 एटीएम सहित अन्य समान बरामद किया है।

**पेशे से तीनों आरोपी हैं ऑटो ड्राइवर**

पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि ऑटो चालक के पास विभिन्न बैंको का अवैध एटीएम एवं कुछ अवैध कैश लेकर मेसरा से बूटी मोड़ की ओर कुछ देर में आएगा। उस ऑटो में लाखों रुपए का लेन-देन किया जाता है। सूचना पर सिटी एसपी के नेतृत्व में एक टीम जुमार पुल के पास पहुंचे तो देखा कि बीआईटी मेसरा की ओर से उक्त नंबर की ऑटो आ रही है। पुलिस उस ऑटो को रुकवाकर ऑटो की तलाशी ली तो विभिन्न बैंकों के 11 एटीएम एवं दो मोबाईल बरामद किया गया। एटीएम के संबंध में पूछताछ करने पर वह बताया कि धर्मेन्द्र सिंह एटीएम कार्ड उपलब्ध करवाता है। जिससे ठगी का पैसा निकाला जाता है। इसके बाद धर्मेन्द्र सिंह को पकड़ा गया उसके पास से 9 मोबाईल, 1 टेब, 95000 नकद एवं विभिन्न बैंको का 6 पीस एटीएम बरामद किया गया। धमेन्द्र सिंह ने पूछताछ करने बताया कि जुमार नदी पुल के पास सुशांत कुमार के मकान में भी एक घर किराया पर लिया हुआ है।

**पटना का रतन उपलब्ध करवाता था एटीएम कार्ड**

तीनों आरोपी ऑटो चलाने का काम करता था। धमेन्द्र सिंह और जितेन्द्र सिंह दोनो भाई है। धर्मेद्र और कमलेश कुमार रांची में ऑटो चलाता है। करीब तीन माह पहले रांची आया था। गिरफ्तार आरोपी के तार साईबर ठगो से जुड़े है।

## खबर एक नजर में

### पर्यावरण के प्रति जागरूक किये गये स्कूली बच्चे

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में पूर्व मध्यावधि परीक्षा के परिणामों की घोषणा के अवसर पर सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों के अभिभावकों को विज्ञान विभाग की ओर से अंकुर, पौधे एवं सीड बॉल्स का वितरण कर उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों को उनके कर्त्तव्यों के प्रति जागरूक करने का एक छोटा सा प्रयास मात्र हैं।

### एचडीएफसी बैंक शहीद चौक शाखा का स्थान परिवर्तन

**रांची।** एचडीएफसी बैंक के शहीद चौक शाखा का मंगलवार को स्थान परिवर्तन हुआ। इस शाखा का उदघाटन मंगलवार को अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अरुण सिंह ने किया। इस अवसर पर अरुण सिंह ने बताया कि शहीद चौक शाखा खुलने से आस पास के कैचमेंट में ग्राहक बेहतर बैंकिंग सेवा का अनुभव ले सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सभी जानते हैं कि एचडीएफसी बैंक बेहतर सेवाओं के लिए जाना जाता है। उम्मीद है कि बैंक उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं और सर्वोत्तम पेशकश प्रदान करता रहेगा। मौके पर एचडीएफसी बैंक के सर्कल हेड अभिषेक कुमार ने कहा कि ब्रांच के स्थान परिवर्तन से आस पास के लोगों की डे टू डे बैंकिंग आसन हो जायेगी और साथ ही सारी बैंकिंग सुविधा भी मिलेगी। कार्यक्रम में क्लस्टर हेड आदित्य पांडे, शाखा प्रबंधक सुभेश्वर झा एवम अन्य लोग उपस्थित थे।

### छात्रों ने वीसी को घेरा, परीक्षा में पास कराने का आश्वासन

**रांची।** योगदा कॉलेज के छात्रों का परीक्षा केंद्र संत पॉल में पड़ा था और वहां बीसीए सेमेस्टर-6 विषय डीएसई-3 न्यूमेरिकल मैथड में कैलकुलेटर का प्रयोग वर्जित कर दिया गया था। जबकि इस विषय में कैलकुलेटर का प्रयोग करने का प्रावधान है। ऐसे में सभी छात्रों का पेपर पूरा नही हो पाया है। ऐसे सभी छात्र फेल हो सकते हैं। वहां के कॉलेज प्रबंधन ने सभी छात्रों को कैलकुलेटर को ले जाने से वंचित किया और बहुत ही ज्यादा दुर्व्यवहार भी किया। इस दौरान कई छात्र मौके पर भी रोने लगे थे। इस मामले को लेकर झारखंड छात्र मोर्चा के छात्र नेता असद टिंकू और मो इरफान ने योगदा कॉलेज बीसीए डिपार्टमेंट के छात्रों को लेकर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव किया। कुलपति ने मामले को संज्ञान में लेते हुए परीक्षा नियत्रक को दिशा निर्देश दिया कि छात्र हित में आवश्यक निर्णय लें। इसके बाद परीक्षा नियंत्रक ने आश्वस्त किया, कि कोई भी छात्र इस परीक्षा में फेल नही होगा। सभी छात्रों का पेपर जिसमें कैलकुलेटर का प्रयोग है वो प्रश्न को टच किया है तो उसे आवश्यक नंबर देकर पास किया जाएगा। मौके पर झारखण्ड छात्र मोर्चा के छात्र नेता असद टिंकू, मो० इरफान,बॉबी कुमार,आयुष अंकित,अभिनयन कुमार,हर्ष कुमार,राजू प्रभाकर आदि योगदा कॉलेज बीसीए डिपार्टमेंट सेमेस्टर-6 के सभी छात्र मौजूद थे।

### सावन महोत्सव में महिलाओं ने की जमकर मस्ती



**रांची।** रांची रिंग रोड सिमालिया, धौनी फार्म हाउस के निकट ट्यूलिप अस्पताल परिसर में डॉ.अंजना सिंह की अध्यक्षता मे हॉस्पिटल एवं आस पास की महिलाओं ने सावन महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर जमकर मस्ती की। सावन महोत्सव मनाई। महिलाओं ने कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान भोले शंकर की आरती के बाद किया। बबीता राय एवं कादंबिनी भारती के निर्देशन मे महिलाओं ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय नृत्यगान पेश किया। वहीं ममता कुमारी एवं कमला कुमारी के चुटकुले से महिलाओं ने अपनी हसीं रोक ना पा रहीं थीं। इसके पूर्व ट्यूलिप अस्पताल के डायरेक्टर जितेंद्र सिन्हा के अध्यक्षता मे पवित्र माह सावन के शुभअवसर पर निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें नोवानगर, दलादिली चौक,सिमलिया, कटहल मोड़, रातू, कांठीटांड़ के 69 मरीजों की जांच कर उन्हें दवा भी दी गई। इस मौके पर मुख्यअतिथि सिटी ट्रस्ट हॉस्पिटल के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.एम.एन. सिंह एवं विशिष्ट अतिथि छात्र क्लब चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, जसलोक अस्पताल के संचालिका डॉ.अंजना सिंह मौजूद थी।

### इंडियन बैंक ने आयोजित की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 28वीं बैठक

**रांची।** इंडियन बैंक द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 28वीं बैठक का आयोजन मंगलवार को होटल ली लैक सरोवर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता नराकास के अध्यक्ष एवं इंडियन बैंक के अंचल प्रबंधक एफआर बोखारी ने किया। इस बैठक में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्मल कुमार दुबे विशेष रूप से मौजूद थे। इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक संजीव सिन्हा, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक एसके जहागीरदार, केनरा बैंक के महाप्रबंधक श्रीनाथ जोशी, यूनियन बैंक के महाप्रबंधक बैजनाथ सिंह एवं सभी बैंकों/ वित्तीय संस्थानों/ बीमा कंपनियों के कार्यालय प्रधान एवं राजभाषा अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक के दौरान वर्ष 2022-23 के लिए राजभाषा में उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं/ बीमा कंपनियों को राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया एवं नराकास की हिन्दी पत्रिका स्पंदन का विमोचन किया गया। निर्मल कुमार दुबे, सहायक निदेशक द्वारा इस बैठक में नराकास के सभी सदस्यों की राजभाषा की अर्धवार्षिक रिपोर्ट की समीक्षा की गई। बैठक में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार पर विशेष रूप से चर्चा की गई एवं हिंदी के विकास के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए।

## मणिपुर में हिंसा व दुष्कर्म की घटनाएं पूर्वनियोजित : वासवी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 57 साल की गोजावुंग मणिपुर सरकार में अंडर सेक्रेटरी थी, उनकी और उनके 27 साल के बेटे गोलालसंग की हत्या तब गाड़ी से खींचकर कर दी गई जब वे एक राहत शिविर की ओर जा रही थीं। बेटे की हाल ही में शादी हुई थी। उनकी एक बेटी, चाची और चाची का एक साल का पोता किसी तरह बचने में सफल रहे। वे सिर में मल्टीपल घाव के साथ इंफाल के अस्पताल में इलाजरत है। मणिपुर में कुकी जनजाति के खिलाफ हिंसा, तोड़फोड़, आगजनी व दुष्कर्म की घटनाएं न सिर्फ पूर्वनियोजित थी बल्कि उसे राज्य का संरक्षण भी प्राप्त था। मैतेई के जो मिलिटेंट ग्रुप हिंसा की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं उनके लीडरों के मणिपुर के मुख्यमंत्री के साथ की तसवीरें इस बात की तसदीक करती हैं। उक्त बातें एक्टिविस्ट वासवी, ममता कुजूर, पूरबी पाल, सुखमनी हकड़ा, एमेनजलिस्ता, लक्ष्मी गोप, आलोका कुजूर, डेजी सुरीन हेमा कुमारी मुंडा, अमनत तिर्की सहित अन्य ने मंगलवार को बिहार क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही।

महिला एक्टिविस्टों ने कहा कि 3 मई से 6 जुलाई तक जो हुआ उसकी विस्तृत रिपोर्ट अब सामने आ रही हैं। अभी तक 250 से ज्यादा मौते हुई हैं। जिनमें औरतों की संख्या काफी अधिक है। इंडीजिनस ट्राइबल लीडर फोरम (आइटीएलएफ) मीडिया सेल गुवाहाटी से जारी आंकड़ों में कुकी समुदाय की 17 औरतों की दुष्कर्म और बर्बरतापूर्वक हत्या की प्रमाणिक रिपोर्ट दर्ज हैं। वासवी ने कहा कि 60 साल तक की औरतों के साथ दुष्कर्म करने और फिर हत्या करने की घटनाएं ऐसी हैं जो सिहरन पैदा करती है। इसमें न सिर्फ हत्याएं ही की जा रही है बल्कि उन्हें चौप (धारदार हथियार से टुकड़े टुकड़े किया जा रहा है) दो महीने पहले ही कुकी घरों को लाल रंग से चिन्हित किया गया था। वासवी ने कहा कि नार्थ ईस्ट से आ रही रिपोर्ट बताती हैं कि दो इंफाल में दो ढाई महीने पहले ही मैतेई समुदाय के लोगों ने खुद को सरकारी कर्मचारी बताते हुए कुकी घरों में लाल रंग का निशान बनाया था। जब हिंसा शुरू हुई तो मैतेई मिलिटेंट के ग्रुप ने उन्हीं घरों को निशाना बनाया। हिंसा में तीन मिलिटेंट समूह के नाम सामने आये हैं। इनमें आरमबाई तेंगगोल, मैतेई लीपुन ग्रुप और मियरा पैयबीस (मैतेई महिला उग्रवादी संगठन) शामिल हैं।

वासवी ने कहा कि मणिपुर में घटी घटना देश के बाकी हिस्से में घट रही घटनाओं से अलग है। इसे शांत किया जाना जरूरी है। मणिपुर के मुख्यमंत्री राजधर्म का पालन नहीं कर रहे हैं। वे सिर्फ एक वर्ग विशेष के मुख्यमंत्री बने हुए हैं।

### जेयूटी के नये कुलपति डॉ डीके सिंह ने ग्रहण किया पदभार



**रांची।** झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (जेयूटी) में मंगलवार को नवनियुक्त कुलपति डॉ डीके सिंह ने योगदान देकर पदभार संभाल लिया। डॉ. विजय पांडे का कार्यकाल समाप्त होने के बाद बीआईटी सिंदरी के प्रोफेसर डॉ. डीके सिंह को जेयूटी का कुलपति नियुक्त किया गया था। इस मौके पर पूर्व कुलपति डॉ. विजय पांडे, रजिस्ट्रार डॉ. एके चौधरी, सहायक कुलसचिव सविता नायक, बीआईटी सिंदरी के प्रभारी डायरेक्टर प्रो. घनश्याम, सीयूजे रांची के प्रो एसके समदर्शी, टेक्निकल यूनिवर्सिटी छात्र संघ के अध्यक्ष अभिषेक रॉय मौजूद थे।

### एशियन मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों का जलवा, 3 स्वर्ण व एक कांस्य पदक जीते




**रांची।** दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 21 से 24 जुलाई तक चलने वाले तीन दिवसीय एशियन मार्शल आर्ट्स फेडरेशन एशिया के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में एक ही छत एवं एक ही बैनर तले विभिन्न मार्शल आर्ट्स की प्रतियोगिता हुई, जिसमें ताइक्वांडो, कराटे, मुएथाई किक बॉक्सिंग, शास्त्रांग, लाठी स्टिक फायटिंग इत्यादि के लगभग 1200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मार्शल आर्ट के जाकार एवं साउथ मूवी के प्रसिद्ध कलाकर सुमर तलवार उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में शारदा ग्लोबल की टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के द्वारा 3 स्वर्ण पदक एवं एक कांस्य पदक जीत कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

**विजयी प्रतिभागियों में**

1) श्रेय राज : सिंगल इवेन्ट में स्वर्ण पदक
2) ईशान सिंह : 78 कि.ग्रा. में स्वर्ण पदक
3) सिद्धिका राजः अन्डर 47 कि.ग्रा. में स्वर्ण पदक
4) संस्कार राय : 65 कि.ग्रा. में कांस्य पदक

## सफलता के लिए जुनून, मेहनत और लगन जरूरी : मिथिलेश केरकेट्टा



**रांची।** सफलता के लिए जुनून, मेहनत और लगन की जरूरत होती है। जो मेहनत करेगा और संघर्षों से नहीं घबराएगा उसे ही सफलता मिलेगी। उक्त बातें जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक मिथिलेश केरकेट्टा ने कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में विद्यालय के टॉपर्स के लिए आयोजित सम्मान समारोह में कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा मानव जीवन का एक अनमोल उपहार है जिसे मेहनत और ईमानदारी से प्राप्त किया जा सकता है। इससे पहले प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने मुख्य अतिथि श्री मिथिलेश केरकेट्टा और विशिष्ट अतिथि मां वैष्णवी ट्रस्ट के चेयरमैन एवम बुद्धा फाउंडेशन रांची के ट्रस्टी अनिल कुमार तिवारी का शॉल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृतिचिन्ह चिन्ह देकर स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा समग्र विकास का पथ प्रशस्त करती है। व्यक्ति,समाज और राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए प्रत्येक शिक्षित व्यक्ति का दायित्व है कि वह समाज में शिक्षा का अलख जगाए। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड इस दिशा में लगातार प्रयासरत है। प्राचार्या ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### बैद्यनाथ धाम पहुंची द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा यात्रा



**रांची/देवघर।** मोरारी बापू की द्वादश ज्योतिर्लिंग रामकथा यात्रा मंगलवार को अपने तीसरे पड़ाव देवघर स्थित वैद्यनाथ धाम पहुंची। इस अवसर पर मानस 900 द्वादश ज्योतिर्लिंग की व्याख्या करते हुये मुरारी बापू ने कहा कि वह जिन राम की कथा कहते हैं, उनका जन्म नवमी को हुआ। कथा भी नौ दिन होती है। नौ का अंक महत्वपूर्ण है। इसलिये द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा को 900वीं कथा का सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से हमारा लक्ष्य भगवान राम की शिक्षाओं को द्वादश ज्योतिलिंगों में फैलाना और वैष्णवों और शैवों के बीच परस्पर जुड़ाव की कहानियों को बुनना है। यह यात्रा देश भर के लोगों को एकजुट करेगी।

# मान्यता संबंधी तुगलकी फरमान स्वीकार नहीं : आलोक दूबे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने शिक्षा सचिव द्वारा मंगलवार को फिर से जारी गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को मान्यता प्राप्त करने के तुगलकी फरमान को मानने से इंकार किया है। उन्होंने कहा 2009 आरटीई कानून के आलोक में सभी निजी विद्यालयों ने अपना आवेदन पहले ही जमा कर दिया है और उसी के मातहत स्कूलों को मान्यता प्राप्त है। बार बार शिक्षा सचिव निजी विद्यालयों को धमकाना बन्द करें। बार बार निजी विद्यालयों को धमकी भरे पत्र भेजने का उद्देश्य क्या है?

झारखंड सरकार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड के हजारों छोटे निजी विद्यालयों के हित में सरकार से यह मांग की है कि जल्द से जल्द पुनः शिक्षा सचिव के मान्यता के लिए आवेदन के आदेश को रद्द करें। अन्यथा हजारों स्कूल बन्द होंगे। लाखों बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। अगर सरकार चाहती है कि राज्य में संचालित 40 हजार गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की आवश्यकता नहीं है तो यह भी स्पष्ट हो जाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि पूर्व में ही सारे निजी विद्यालय मान्यता संबंधी आवेदन जमा कर चुके हैं। उसी आधार पर झारखंड के सभी छोटे निजी विद्यालय आठवीं बोर्ड की परीक्षा में अपने बच्चों को सम्मिलित भी करवा रहे हैं, जैसा आदेश मुख्यमंत्री ने भी जारी किया है। मान्यता के प्रश्न पर रघुवर दास सरकार में लिए गये निर्णय पर निजी विद्यालयों ने माननीय उच्च न्यायालय में याचिका भी दायर की है तथा उसी के आधार पर माननीय उच्च न्यायालय ने अपने स्टे आर्डर में यह स्पष्ट रूप से आदेश दिया है की मान्यता के प्रश्न पर निजी विद्यालयों के साथ कोई पीड़ख कार्रवाई नहीं की जा सकती है। आलोक दूबे ने कहा जितना वक्त सरकार और शिक्षा विभाग के अधिकारी निजी विद्यालयों के पीछे लगाते हैं। उतना वक्त अगर सरकारी स्कूलों के उद्धार में लगायें तो गरीब के बच्चे प्राइवेट स्कूलों की तरफ रुख नहीं करेंगे। सरकार अध्यादेश यह भी जारी करें सभी अधिकारियों के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ेंगे और जो भी रसूखदार बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भेजेंगे उनके ऊपर कार्रवाई होगी।

